राम लला जन्मे हैं | by Jai Shankar Chaudhary

आज बड़ा ही शुभ दिन मंगलाचार सुनाओ रे
राम लला जन्मे हैं थाल बजाओ रे

दशरथ के अंगना में भई गूँज रही किलकारी
खुशियां मना रही है देखो आज अयोध्या सारी
राम लला के जनम दिवस पर खुशियां मनाओ रे
राम लला जन्मे हैं थाल बजाओ रे

महाराजा दशरथ को है सबसे पहले बधाई
मात कौशल्या लेवे बलैया फूली नहीं समाई
मिल जाए नज़राना हमको झोली फैलाओ रे
राम लला जन्मे हैं थाल बजाओ रे

ऋषि मुनि आये हैं अब नामकरण करने को
कितनी भीड़ लगी है देखो पाँव नहीं धरने को
राम नाम रखा है इसका सबको बताओ रे
राम लला जन्मे हैं थाल बजाओ रे

मैया कबसे खड़े हैं हमको भी दर्श करा दे
राम लला की प्यारी सूरत एक झलक दिखला दे
देंगे दुआएं बनवारी ना हमसे छुपाओ रे
राम लला जन्मे हैं थाल बजाओ रे

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%b2%e0%a4%b2%e0%a4%be-%e0%a4%9c%e0%a4%a8%e0%a5%8d%e0%a4%ae%e0%a5%87-%e0%a4%b9%e0%a5%88%e0%a4%82-by-jai-shankar-chaudhary/